जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2014/250 दिनांक :13.03.2014

॥ <u>अधिसूचना</u> ॥

सर्व संबधित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खेल प्रतियोगिताओं एवं एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 एवं युवा महोत्सव की गतिविधियों में भाग लेने के कारण परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों के लिए **''विशेष परीक्षा का आयोजन''** न किये जाने के निर्देश प्रदान किए गये है। ऐसे छात्रों को आगामी सत्रों में आयोजित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में विशेष परीक्षार्थी के रूप में बैठने की पात्रता होगी। इस संदर्भ में शासन के सत्र 2013–14 के प्रवेश नियम में किया गया उल्लेख निम्नानुसार हैः–

5. **विशेष परीक्षार्थी** : राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी सत्र में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में (संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ) ए.टी.के.टी. विद्यार्थी के रुप में नहीं बल्कि **''विशेष परीक्षार्थी''** के रुप में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में स्नातक बी0ए0/बी0काम0/बी0एस0सी0/ बी0एस0सी0 होम सांईस पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2013 में खेल प्रतियोगिताओं एवं एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 एवं युवा महोत्सव की गतिविधियों में भाग लेने के कारण परीक्षा में सम्मलित होने से वंचित छात्रों के लिए अंतिम अवसर के रूप में एक विशेष परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

अतः परीक्षा से वंचित ऐसे सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह अपने आवेदन पत्र कक्षा तथा विषय की जानकारी के साथ अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित कराकर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में श्री एस0एस0 तेवतिया (अधीक्षक–परीक्षा) के पास अपना आवेदन **<u>दिनांक 20.03.2014</u>** तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। जिन छात्रों के द्वारा आवेदन पत्र अग्रेषित कराकर प्रस्तुत किये जायेगें। विश्वविद्यालय द्वारा केवल उन्हीं छात्रों की विशेष परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी।

<u>''विश्वविद्यालय द्वारा पुनः सर्वसम्बंधित के सूचनार्थ यह सूचित किया जाता है, कि स्नातक प्रथम/तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2013 एवं आगामी स्नातक द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा जून 2014 के राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभगिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए भविष्य में कोई विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया जावेगा। उन्हें शासन के नियमानुसार आगामी सत्रों में सम तथा विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ विशेष परीक्षथ्री के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।</u>

<u>साथ ही यह भी अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा आगामी सत्रों में भी स्नातक पंचम सेमेस्टर परीक्षाओं की कोई विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा।</u>

सर्व सबंधित के सूचनार्थ छात्रहित में प्रसारित

परीक्षा नियंत्रक

1. संपादक महोदय, ... की ओर इस निवेदन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचारपत्र में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, की ओर इस निवेदन के साथ कि वे इंटरनेट से प्रतियाँ निकलवाकर छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कन्ट्रोल रूम, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक–कुलसचिव(परीक्षा)